जनपद हमीरपुर

दिनांक 30.04.2026

श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा जिला कारागार हमीरपुर का मासिक निरीक्षण किया गया।

आज दिनाँक 30.04.2026 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा जिला कारागार हमीरपुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैदियों की स्थिति, और जेल के प्रशासनिक कार्यों का आकलन के साथ- साथ निम्नलिखित बिंदुओं का निरीक्षण किया गया-:

1.जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उनके उपकरण, और सुरक्षा उपायों की जांच की गई।

2. कैदियों की संख्या, उनकी स्वास्थ्य स्थिति, रहने की व्यवस्था, और उनकी शिकायतों को सुना गया।

3.जेल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों की उपलब्धता, और सफाई व्यवस्था की जांच की गई।

4.कैदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की गई।

5.जेल के प्रशासनिक कार्यों, रिकॉर्ड कीपिंग, और कैदियों के अधिकारों के संरक्षण की व्यवस्था की जांच की गई।

6.कैदियों के लिए उपलब्ध शिक्षा, कौशल विकास, और पुनर्वास कार्यक्रमों की रूप रेखा की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान जेल के अंदर सभी व्यवस्थाओं एवं कैदियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किये जाने हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।